पत्रांक 946 (ii) / निर्वा0

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त, राँची।

(जिला निर्वाचन शाखा)

प्रेषक,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, राँची।

सेवा में,

Vice Chancellor,
Central University of Jharkhand, Brambe, Ranchi

राँची, दिनांक 04/10/2018

विषयः शिक्षण संस्थानों में **Special Camp** आयोजित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में दिनांक 01.01.2019 को अर्हता की तिथि मानते हुए दिनांक 01.09.2018 से 31.10.2018 तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (intensive nature) – 2019 कार्यक्रम निर्धारित है। साथ ही सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में Electoral Literacy Club का गठन किया जाना है।

उक्त कार्यक्रम का Systematic Voters' Education and Electoral Participation-III (SVEEP-III) कार्यक्रम के तहत व्यापक प्रचार–प्रसार, 18 तथा 18+ आयुवर्ग के छूटे हुए योग्य मतदाताओं के मतदाता सूची में नाम पंजीकरण कराने तथा Electoral Literacy Club का गठन करने हेतु राँची जिला के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में Special Camp का आयोजन किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निर्देश के अनुपालन में आपके शिक्षण संस्थान में दूरभाष से हुई वार्ता के क्रम में University campus में दिनांक 08.10.2018 को अपराह्न 03:00 बजे विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है।

अतः उक्त कार्यक्रम हेतु अनुरोध है कि छात्र–छात्राओं को विशेष कैम्प में भाग लेने हेतु अपने स्तर से निदेशित करते हुए अधोहस्ताक्षरी को सूचित करने की कृपा की जाय, ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन करते हुए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची को प्रतिवेदित किया जा सके।

विश्वासभाजन

4/x/18

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त राँची।

8-10-18

\\007_III-PC\D_Soni\Yogesh 2018\New Yogesh, 2018.docx मत डालना आपका अधिकार है, मतदाता बनें।

Email : electionranchi@gmail.com